हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 21 अप्रैल 2026

06 घर साफ तो फिर शहर गंदा क्यों? संवाद में कलेक्टर...



07 अपनी जमीन पर तो अतिक्रमण हटा नहीं रहा रेलवे नपा की...





## खबर संक्षेप



### देवलिया मंदिर में भगवान परशुराम के प्राकट्योत्सव की धूम

**रहली।** अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव के उपलक्ष्य में स्थानीय देवलिया मंदिर में विप्र समाज द्वारा भव्य धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिर में विराजित भगवान परशुराम की प्रतिमा का विधि-विधान से अभिषेक, पूजन-अर्चन और हवन कर विश्व कल्याण की कामना की गई। विप्र समाज के सदस्यों ने एकत्रित होकर भगवान परशुराम का दुग्धाभिषेक किया। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुतियां दीं। पूजन और आरती के संपन्न होने के बाद उपस्थित जनसमूह को प्रसाद वितरित किया गया। इस गरिमामयी अवसर पर देव सीताराम न्यास के अध्यक्ष सुशील हजारी सहित अक्षय हजारी, लालू तिवारी, मनीष मिश्रा, साहित्य तिवारी, मनीष भारद्वाज, केशव पाठक, नंदकिशोर मिश्रा, रामकुमार तिवारी, पंकज मिश्रा और कमलेश तिवारी सहित अनेक विप्रजन उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान मंदिर परिसर भगवान परशुराम के जयकारों से गुंजायमान रहा और श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखा गया।



### प्रेम प्रवाहिनी रथ पर पुष्प वर्षा कर की आरती

**सागर।** भगवान श्री सत्य साई बाबा का प्रेम प्रवाहिनी रथ सिविल लाइन स्थित साई निलयम से रविवार से भ्रमण कर भक्तों को दर्शन देने पहुंच रहा है। रथ गोपालगंज, सन राइज मेगा सिटी, बसंत बिहार, मकरोनिया में भक्तों के बीच पहुंचा जहां लोगों ने उत्साह के साथ ध्वज, रथ पादुका पर पुष्प वर्षा कर आरती उतारी एवं भजन संध्या कर आनंद लिया। सत्य साई सेवा संगठन के जिला अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि रथ 22 अप्रेल को ग्रामीण अंचल में भ्रमण-दर्शन को पहुंचेगा। इस दौरान अनिरुद्ध पिंपलापुरे, संयोजक जितेंद्र यादव, बीके गुरु, सरवन यादव, एसके साहू, मुकेश श्रीवास्तव 'सारथी', सुनील पटेल, दीन दयाल यादव, लेखन यादव, नीतेश पटेल आदि उपस्थित थे।

### प्रो. कालीनाथ झा विभागाध्यक्ष नियुक्त

**सागर।** डॉ. हरीसिंह गौर केन्द्रीय विश्वविद्यालय, सागर के प्रोफेसर कालीनाथ झा को समाजशास्त्र एवं समाज कार्य विभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह नियुक्ति तीन वर्ष की अवधि के लिए या अगले आदेश तक के लिए की गई है। प्रो. कालीनाथ झा ने विभागाध्यक्ष का पदभार ग्रहण कर लिया है। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक डॉ. शिव शंकर जैना. डॉ. नंदी पटोदिया, डॉ. शाश्ना याम्सो, डॉ. अमरमणि त्रिपाठी, ब्रजेन्द्र कुर्मी सहित विभाग के शोधार्थी उपस्थित रहे।

### वैष्णोदेवी यात्रा हेतु आवेदन 25 अप्रैल तक

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत 03 मई को सागर जिले से वैष्णोदेवी तीर्थ यात्रा का आयोजन प्रस्तावित है। मध्यप्रदेश शासन के धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के निर्देशानुसार इस यात्रा में 262 तीर्थ यात्रियों को शामिल किया जाएगा।यात्रा के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 25 अप्रैल निर्धारित की गई है। इच्छुक हितग्राही निर्धारित तिथि तक आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं।

---

**पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने गरीब कन्याओं के हाथ पीले कर नवदंपतियों को दिया आशीर्वाद**

# सादगी और सेवा का संगमः गढ़ाकोटा में मुख्यमंत्री कन्यादान और 24वां पुण्य विवाह सम्मेलन, 50 जोड़ों ने लिए सात फेरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

सागर जिले के रहली विधानसभा क्षेत्र गढ़ाकोटा नगर के नटराज ऑडिटोरियम एवं ऑडिटोरियम स्टेडियम परिसर में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान समारोह एवं 24वें पुण्य विवाह सम्मेलन में सादगी, सेवा और सामाजिक समर्पण का अद्भुत संगम देखने को मिला। पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव के मुख्य आतिथ्य एवं मार्गदर्शन में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में 50 जोड़ों का विवाह पूरे विधि-विधान,वैदिक मंत्रोच्चार और सात फेरों के साथ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में दूर-दूर से आए वर-वधू पक्ष के परिजन,बाराती एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। आयोजन स्थल को आकर्षक रूप से सजाया गया था तथा सभी अतिथियों के लिए भोजन, पेयजल एवं शीतल पेय की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित की गई थी। पूरे आयोजन में अनुशासन, व्यवस्थापन और आत्मीयता का विशेष समन्वय देखने को मिला।

अपने संबोधन में पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव ने कहा कि शासन की योजनाएं चलें या न चलें, लेकिन समाज की यह परंपरा निरंतर चलती रहनी चाहिए,जो गरीब बेटियों के विवाह का सशक्त माध्यम बनती है। उन्होंने कहा कि पिछले कई वर्षों से निरंतर आयोजित



हो रहे पुण्य विवाह सम्मेलन ने क्षेत्र में सेवा और समर्पण की एक मिसाल कायम की है। उन्होंने बताया कि उनके प्रयासों से अब तक 23 पुण्य विवाह सम्मेलन सफलतापूर्वक आयोजित किए जा चुके हैं और आज 24वां सम्मेलन भी उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए भव्य रूप से संपन्न हुआ है। उन्होंने कहा कि ऐसे सामूहिक विवाह कार्यक्रम सामाजिक समरसता, सहयोग और संस्कारों को सुदृढ़ करते हैं तथा समाज के कमजोर वर्गों को सम्मानपूर्वक जीवन जीने का अवसर प्रदान करते हैं।अंत में उन्होंने सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद,समृद्ध और मंगलमय दांपत्य जीवन की कामना की।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन सामाजिक एकता और समरसता के सशक्त प्रतीक हैं। उन्होंने बताया कि नगर पालिका का सदैव प्रयास रहता है कि ऐसे आयोजनों में हर संभव सहयोग प्रदान किया जाए,ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को अपनी बेटियों के विवाह में किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।उन्होंने इस पहल को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि ऐसे पुनीत कार्य समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाते हैं और भविष्य में भी इस आयोजन को और अधिक व्यापक रूप दिया जाएगा।

### सामाजिक सरोकार का जीवंत उदाहरण

यह आयोजन केवल एक विवाह समारोह नहीं,बल्कि समाज के प्रति सेवा,सहयोग और संस्कारों का जीवंत उदाहरण है। ऐसे आयोजनों के माध्यम से अनेक जरूरतमंद परिवारों के जीवन में नई खुशियों का संचार होता है और सामाजिक समरसता को मजबूती मिलती है।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रानी कुशवाहा, युवा नेता अभिषेक भार्गव, नगर पालिका अध्यक्ष संगीता मनोज तिवारी, जनपद अध्यक्ष सुरेश कपस्या, जिला पंचायत सदस्य संतोष पटेल, शाहपुर नगर पालिका अध्यक्ष देवराज लोधी सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

प्रशासनिक अधिकारियों में अनुविभागीय अधिकारी रहली कुलदीप पाराशर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी धनंजय गुमास्ता सहित अन्य अधिकारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके साथ ही बड़ी संख्या में पार्षदगण, पत्रकार एवं वर-वधुओं के परिजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी नवविवाहित जोड़ों को उपहार सामग्री प्रदान की गई तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और सुखमय दांपत्य जीवन की कामना के साथ समारोह का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

---

## अंत्येष्टि में जा रहे परिवार के साथ हादसाः ट्रक ने पिकअप को मारी टक्कर, 4 घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

जरवांस बायपास चौराहे पर रविवार शाम करीब 6.30 बजे एक लोडिंग वाहन को ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में दादी की अंत्येष्टि में जा रहे एक ही परिवार के चार सदस्य घायल हो गए, जिनमें से दो को गंभीर हालत में सागर रेफर किया गया है। यह दुर्घटना खुरई शहरी थाना क्षेत्र के जरवांस बायपास चौराहे पर हुई।

टक्कर मारने के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। घायलों में रमगढ़ा निवासी देवेंद्र पिता जगदीश आदिवासी (25), ललितपुर, उत्तर प्रदेश के रमगढ़ा निवासी जगदीश पिता बाबू आदिवासी (35), झिल्ला निवासी सोहन पिता महेंद्र आदिवासी (9) और रमगढ़ा निवासी सखी पति जगदीश आदिवासी (45) शामिल हैं।घायल चंद्रभान आदिवासी ने बताया कि वे सभी झिल्ला से रमगढ़ा अपनी दादी की अंत्येष्टि के लिए किराए के लोडिंग वाहन से जा रहे थे। बच्चे को शौच कराने के लिए उन्होंने वाहन को जरवांस बायपास चौराहे के किनारे रोका था। इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनके वाहन को टक्कर मार दी।

घटना की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के ईएमटी वीर सिंह और पायलट विनोद राय मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायलों को सिविल अस्पताल खुरई में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद, देवेंद्र आदिवासी और सखी आदिवासी की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें सागर रेफर कर दिया गया।

## रेस्टोरेंट संचालक को पीटा, खाना देरी से मिलने पर भड़के, गाली-गलौज की, दो पर केस दर्ज

**खुरई।** खाना देरी से मिलने पर ग्राहकों ने रविवार को एक रेस्टोरेंट संचालक से मारपीट की। घटना रविवार दोपहर 1 बजे की है। पीड़ित संचालक ने पुलिस में मामला दर्ज कराया है। मारपीट का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। रेस्टोरेंट संचालक अनिल मोदक (45) ने बताया कि वह सागर नाका चौराहे के पास अपना रेस्टोरेंट चलाते हैं। कुछ ग्राहक खाना खाने आए और उन्होंने ऑर्डर दिया। मोदक के अनुसार, खाना समय पर न मिलने पर ग्राहकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उन्होंने ग्राहकों को रोका, तो उन्होंने उनके साथ मारपीट की, जिससे उनके सिर में चोट आई। खुरई शहरी थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने जानकारी दी कि अनिल मोदक की शिकायत पर राजा यादव और राजू विश्वकर्मा के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है।

---

## खुरई क्षेत्र के किसान से धोखाधड़ी मालथौन कनेक्शन आया सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई देहात थाना क्षेत्र के ग्राम बांगची निवासी सरजू उर्फ हरजू अहिरवार के साथ जमीन दिलाने के नाम पर 16 लाख 50 हजार रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार सागर-खुरई मार्ग के समीप जमीनों के बढ़ते दामों को देखते हुए पीड़ित ने अपनी पुश्तैनी भूमि बेचकर अन्य स्थान पर सस्ती कृषि भूमि खरीदने की योजना बनाई थी।

इसी दौरान एक रिश्तेदार के माध्यम से उसका संपर्क मालथौन निवासी रानू सिंघई से हुआ, जिसने उसे मालथौन क्षेत्र में एक आदिवासी की 4.69 एकड़ भूमि दिलाने का आश्वासन दिया और अतिरिक्त भूमि उपलब्ध कराने का भी भरोसा दिलाया।

बताया गया कि रजिस्ट्री, अनुमति और दलाली के नाम पर कुल 16 लाख 50 हजार रुपये की राशि तय हुई, जिसे आरोपी द्वारा अलग-अलग किश्तों में चेक और नकद के माध्यम से प्राप्त किया गया। आरोप है कि अंतिम भुगतान के बाद आरोपी ने संपर्क समाप्त कर दिया।

जब पीड़ित जमीन पर कब्जा लेने पहुंचा तो संबंधित आदिवासी भूमि स्वामी ने स्पष्ट किया कि उसे कोई राशि प्राप्त नहीं हुई है और उसने भूमि की रजिस्ट्री से इंकार कर दिया। इसके बाद पीड़ित ने आरोपी से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन उसे वहां से भगा दिया गया।

मामले की शिकायत क्षेत्रीय विधायक भूपेंद्र सिंह को दी गई। जांच में मामला सही पाए जाने पर खुरई देहात थाने में अपराध क्रमांक 175/25 के तहत धारा 420 के अंतर्गत प्रकरण दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया, जो लगभग आठ माह तक जेल में रहा और बाद में उच्च न्यायालय से जमानत पर रिहा हुआ। बताया जा रहा है कि जमानत के बाद आरोपी द्वारा भोपाल जाकर राजनीतिक परिस्थितियों का लाभ उठाने और प्रशासन पर दबाव बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं। इस मामले के सामने आने के बाद क्षेत्र के अन्य संभावित पीड़ितों द्वारा भी शिकायतें किए जाने की जानकारी मिल रही है, जिससे पूरे प्रकरण की व्यापकता को लेकर प्रश्न खड़े हो रहे हैं।

## रुद्राक्ष धाम में आयोजित क्षत्रिय महासभा के कन्या विवाह समारोह में 18 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सामूहिक विवाह विवेकपूर्ण समाज की पहचान है और समय की आवश्यकता है। इस सफल आयोजन के बाद क्षत्रिय महासभा अगले वर्ष के अक्षय तृतीया पर्व पर समाज की 101 कन्याओं का विवाह समारोह आयोजित करेगा। यह उद्गार पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने अक्षय तृतीया के पर्व पर रुद्राक्ष धाम मंदिर प्रांगण में क्षत्रिय महासभा जिला सागर द्वारा आयोजित कन्या विवाह समारोह-2026 में अपने संबोधन में व्यक्त किए। सागर जिले की क्षत्रिय समाज में इस तरह के इस पहले आयोजन में समाज की 18 कन्याओं का भव्य व्यवस्थाओं के साथ विवाह संपन्न हुआ। क्षत्रिय समाज के वरिष्ठ संरक्षक पूर्व गृह मंत्री सिंह ने परिवार सहित वर-वधु के पैर पाखरे क्षत्रिय महासभा की ओर से वरिष्ठ जनों ने सभी कन्याओं को 1 लाख 1 हजार की नगद राशि और अन्य उपहार सामग्रियां भेंट कीं।भूपेन्द्र सिंह ने सम्बोधित करते हुए कहा कि अक्षय का अर्थ है जिसका कभी क्षय



(नाश) न हो। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस शुभ दिन पर किए गए दान, तप, जप और सत्कर्मों का फल अनंत और स्थायी होता है। इसी पुण्य पर्व पर कृष्ण-सुदामा का मिलन हुआ था, सूर्यदेव ने द्रौपदी को एक 'अक्षय पात्र' प्रदान किया था। इसी दिन देवी पार्वती ने मां अन्नपूर्णा के रूप में अवतार लिया था। उन्होंने बताया कि वेद व्यास और गणेशः महर्षि वेद व्यास ने इसी शुभ दिन पर भगवान श्री गणेश को 'महाभारत' सुनाना प्रारंभ किया था। आदि शंकराचार्य ने इस दिन कनकधर स्तोत्रम की रचना की थी।

पूर्व गृहमंत्री ने कहा कि कन्या घर की लक्ष्मी और कुल का गौरव है। कन्यादान केवल एक रस्म नहीं, बल्कि माता-पिता द्वारा किया गया दुनिया का सबसे बड़ा त्याग है। वेदों में स्त्री यज्ञीय है अर्थात यज्ञ समान पूजनीय हैं और कन्या का विवाह हजारों यज्ञ के समान माना गया है। ऋषि पाराशर ने बताया है कि कलियुग में कन्यादान ही वह एकमात्र पुण्य है जो मनुष्य के समस्त पापों का शमन कर सकता है। क्षत्रिय कुल शिरोमणि महाराणा प्रताप ने कहा था कि पुत्री का विवाह और उसका कन्यादान दान क्षत्रिय धर्म की वह मर्यादा है जो संबंधों को अटूट बनाती है। 'कन्यादान' को संसार के समस्त दानों में सर्वश्रेष्ठ और 'महादान' माना गया है, क्योंकि इसमें केवल वस्तु का नहीं बल्कि जीवन की सबसे प्रिय पूंजी (संतान) का दान किया जाता है। उन्होंने कहा कि हथेली पर रखकर कलेजा जो सौंप दे, उस पिता के साहस का नाम है कन्यादान। यह कार्य केवल एक पिता ही कर सकता है, इसीलिए इसे शास्त्रों में 'अश्वमेध यज्ञ' से भी बड़ा फल देने वाला बताया गया है।

### सहयोगकर्ताओं का मंच से सम्मान हुआ

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह और समाज के सभी वरिष्ठ सदस्यों ने समाज के उन सभी लोगों का मंच से प्रशस्ति पत्र के साथ सम्मान किया जिन्होंने इस आयोजन में आर्थिक तथा सामग्री के रूप में सहयोग दिया। इन सभी सहयोगकर्ताओं के नामों और सहयोग राशि की सूची को पुस्तिका रूप में आयोजन स्थल पर सभी को वितरित किया गया तथा मंच से पढ़ा गया। इस आयोजन के लिए समाज जनों की ओर से सहयोग के रूप में लगभग 40 लाख रुपए की सहयोग राशि एकत्रित हुई है।

## शिक्षकों को बुनियादी सुविधाएं दिए जाने के लिए कुलपति को सौंपा ज्ञापन

**सागर।** डॉ हरिसिंह गौर लोकतांत्रिक शिक्षक संघ ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों के पी-एच.डी इन्क्रीमेंट एवं नव नियुक्त शिक्षकों के लिए बुनियादी कार्य सुविधायें उपलब्ध कराए जाने के सम्बन्ध में संघ के अध्यक्ष प्रो राजेंद्र यादव के नेतृत्व में कुलपति से मुलाकात की । संघ के प्रतिनिधि मंडल ने कुलपति से मुलाकात करते हुए अवगत कराया कि विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली ने उच्च शिक्षा में शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक स्टाफ की अकादमिक दक्षता और उन्नयन को सुनिश्चित करने के क्रम में एम. फिल. पी.एच.डी धारकों को पांच अग्रिम इन्क्रीमेंट प्रदान किये जाने का प्रावधान किया है। इस संदर्भ में उच्च न्यायालय का इस प्रकरण में शिक्षकों के पक्ष में निर्णय आ जाने के बाद भी नॉनकंपाउंडेड अग्रिम इंक्रीमेंट्स के अधिकार से विश्व विद्यालय द्वारा शिक्षकों को वंचित रखा जा रहा है। 15.04.2026 को उच्च न्यायालय ने शिक्षकों के एम. फिल, पी.एच.डी. इन्क्रीमेंट प्रदान किये जाने के संदर्भ में में एक महत्त्वपूर्ण फैसला दिया है।

---

**श्री पहलवान बब्बा मंदिर में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव, सुबह महाअभिषेक व हवन हुआ**

# समाज की भलाई तभी संभव जब युवा पीढ़ी शिक्षित हो, उद्यमी बने और अपने स्वाभिमान से समझौता न करें: राजकुमार पचौरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पूर्व जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने भगवान परशुराम के प्रकट उत्सव पर पहलवान बाबा मंदिर पहुंचकर हवन पूजन किया और विश्व शांति की कामना की। पचौरी ने अपने संदेश में कहा कि भगवान परशुराम केवल ब्राह्मण कुल में जन्मे एक योद्धा मात्र नहीं थे, बल्कि वे अन्याय के विरुद्ध ब्रह्मांड के प्रथम उद्घोष थे। आज के आधुनिक युग में, जब समाज विभिन्न चुनौतियों से जूझ रहा है, उनके जीवन का संदेश ब्राह्मण समाज और संपूर्ण मानवता के लिए एक मशाल के समान है। पचौरी का मानना है कि 'ब्राह्मण' केवल जन्म से नहीं, बल्कि कर्म और संस्कारों से परिभाषित होता है। भगवान परशुराम ने सिखाया कि ब्राह्मण का धर्म केवल शास्त्र पढ़ना नहीं, बल्कि शास्त्रों की मर्यादा की रक्षा के लिए शस्त्र उठाना भी है। समाज की भलाई तभी संभव है जब युवा पीढ़ी शिक्षित हो, उद्यमी बने और अपने स्वाभिमान से समझौता न करे। भगवान परशुराम का संघर्ष किसी जाति विशेष के खिलाफ नहीं, बल्कि अहंकारी और अत्याचारी सत्ता के खिलाफ था। परशुराम जी ने समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को भी न्याय दिलाया। सच्चा ब्राह्मण वही है जो सभी जातियों को प्रेम और सम्मान की दृष्टि से देखे। पचौरी के अनुसार, समाज को एकजुट



करने के लिए हमें भेदभाव की दीवारें ढहाकर एक ऐसे भारत का निर्माण करना होगा जहाँ योग्यता और मानवता ही श्रेष्ठता का पैमाना हो।अन्याय के विरुद्ध 'परशु' धारण करना। इतिहास गवाह है कि जब-जब सत्ता मद में चूर होकर किसी ने निर्दोषों पर अत्याचार किया, तब-तब परशुराम के वंशजों ने अपनी बौद्धिक और शारीरिक शक्ति से उसे चुनौती दी।

अन्याय सहना उतना ही बड़ा पाप है जितना अन्याय करना। यदि समाज के किसी भी वर्ग के साथ अन्याय होता है, तो ब्राह्मण समाज को अग्रणी भूमिका निभाते हुए न्याय की आवाज बुलंद करनी चाहिए।

पचौरी ने युवाओं से आवाह्न किया कि आर्थिक स्वावलंबन समाज की असली शक्ति है। अपने पैरों पर खड़े हों और दूसरों के लिए रोजगार के अवसर पैदा करें। अपनी जड़ों और संस्कृति को न भूलें। परशुराम जी की तपस्या हमें।आत्म-नियंत्रण सिखाती है।

बिखराव हमें कमजोर करता है। एक सशक्त ब्राह्मण समाज ही एक सशक्त और न्यायपूर्ण राष्ट्र की नींव रख सकता है। भगवान परशुराम का जीवन हमें सिखाता है कि दया केवल वीरों को शोभा देती है। हम शांत हैं क्योंकि हम 'शस्त्र' और 'शास्त्र' दोनों का सम्मान करना जानते है।

### एकादश नदियों के पवित्र जल से हुआ भगवान परशुराम जी का महाभिषेक

भगवान परशुराम जी के प्राकट्य दिवस पर सोमवार को तिली रोड बैंक कॉलोनी स्थित पशुपतिनाथ मंदिर में ग्यारह पवित्र तीर्थ स्थलों के जल से वेदमन्त्रो के साथ महाभिषेक किया गया। पुरोहित पुजारी विद्वत संघ के अध्यक्ष पं.शिवप्रसाद तिवारी ने बताया 10बजे से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ सर्वप्रथम कलश स्थापन और गोरी गणेश पूजन किया गया फिर भगवान परशुराम जी का पंचामृत अभिषेक हुआ 10.30बजे से महाभिषेक प्रारंभ हुआ जो 12बजे तक चला फिर भगवान का षोडशोपचार पूजन एवं हवन किया गया,1बजे पूर्णाहुति एवं महाआरती के साथ प्रसाद वितरण हुआ। पं.विपिन बिहारी महाराज ने अक्षय तृतीया पर परशुराम जी के प्राकट्य का महत्व समझाते हुए बताया कि भगवान नारायण ने इसलिए अक्षय तृतीया का दिन परशुराम अवतार लेने की लिए चुना था क्योंकि अधर्म और अत्याचार का क्षय अक्षय तिथि से हो इसलिए ही परशुराम जी सप्त चिरंजीवी में है और कलयुग के साक्षात देवता माने जाते है । उन्हीं की कृपा से धर्म की आधार विद्यमान है। अक्षय तृतीया पर दान का महत्व बताते हुए उन्होंने सभी ब्राह्मणों को दक्षिणा देकर तिलक लगाया।

## गुरुकुल ने मनाया अपना 83वां स्थापना दिवस समारोह

**खुरई।** देश की आजादी के पूर्व से संस्थापित श्री पार्श्वनाथ ब्रह्मचर्याश्रम जैन गुरुकुल के अंतर्गत एस. पी. जैन गुरुकुल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय एवं गुरुकुल छात्रावास ने अपना 83वाँ स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लासपूर्वक मनाया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती के सम्मुख दीपप्रज्वलन के साथ मुख्यातिथि समाजसेवी सुधीर गुरहा (अध्यक्ष, जैन युवा स्वास्थ्य परमार्थ चिकित्सालय) एवं संजय समैया (अध्यक्ष, तारण-तरण जैन समाज) द्वारा किया गया। तत्पश्चात संस्था प्राचार्य एवं प्रधानाध्यापक द्वारा आमंत्रित अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर छात्रा लक्ष्मी राजपूत ने संस्था का परिचय प्रदान किया तो वहीं शिक्षक-शिक्षिकाओं के क्रम में अनुभूति जैन, आस्था जैन, कपिल जैन द्वारा गायन की प्रस्तुति सराहनीय रही। इस अवसर पर शिक्षिका भारती राठोर के निर्देशन में विद्यार्थियों ने नृत्य की प्रस्तुति दे। ''स्थापना दिवस'' के अवसर पर सत्र 2025-26 में माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में कक्षा दसवीं में मध्यप्रदेश की प्रावीण्य सूची में नवम स्थान प्राप्त करने पर हिमांशी यादव, दशम स्थान प्राप्त करने पर कुमकुम लोधी एवं कक्षा बारहवीं में कृषि संकाय से जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतु कक्षा बारहवीं में कृषि संकाय से जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने हेतुबबली अहिरवार का सम्मान किया गया। अतिथियों के क्रम में विशिष्ट अतिथि संजय समैया ने विद्यार्थियों को प्रेरणादायी वक्तव्य प्रदान किया तो संस्था प्राचार्य प्रयंक जैन द्वारा "संस्था को स्थापित एवं संरक्षित करने वाले आचार्य समन्तभद्र जी महाराज, गणेशप्रसाद जी वर्णी एवं श्रीमंत सेठ ऋषभकुमार आदि मनीषियों के द्वारा किये गये कार्यों को याद किया एवं संस्था के वृद्धिंगत विकास में प्राप्त सहयोग के प्रति सभी सहयोगियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई। उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि यह संस्था केवल 6 विद्यार्थियों से प्रारम्भ हुई थी और आज लगभग 23000 से अधिक विद्यार्थी सम्पूर्ण विश्व में इसकी खुशबू बिखेर रहे हैं। किसी भी शैक्षणिक संस्थान की प्रतिष्ठा, विश्वसनीयता उसके द्वारा किये जा रहे कार्यों से होती है; जिसका जीवंत उदाहरण है-गुरुकुल विद्यालय। स्थापना से आजतक गुरुकुल प्रबंधन समिति का निरंतर मार्गदर्शन, शिक्षकों की मेहनत एवं समर्पण, विद्यार्थियों की लगन एवं अभिभावकों का गुरुकुल के प्रति विश्वास का ही प्रतीक है कि आज यह संस्थान अपना 83वाँ स्थापना दिवस महोत्सवपूर्वक मना रहा है। इस कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीराम चतुर्वेदी के द्वारा किया गया।

प्राचीन जलस्रोत में फैली गंदगी पर प्रशासन सख्त, संवाद कर जनता को नसीहत तो दुकानदारों को दी चेतावनी

# घर साफ तो फिर शहर गंदा क्यों ? संवाद में कलेक्टर का सवाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

बारंबार सफाई अभियान के तहत साफ सफाई कराकर शहर को साफ रखने की अपील करने के बावजूद गंदे होते जा रहे शहर व शहर के बीचों-बीच स्थित चाट-चौपाटी क्षेत्र की प्राचीन बावड़ी और कुएं में पसरी गंदगी पर आखिरकार कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय द्वारा जाहिर की गई नाराजगी और प्रशासन का डंडा चल ही गया। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सोमवार को कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय स्वयं मौके पर पहुंचे और साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए जिम्मेदारों को सख्त लहजे में नसीहत दी।

ईदगाह के पास स्थित इस ऐतिहासिक जलस्रोत की बदहाल स्थिति देखकर कलेक्टर श्रोत्रिय ने न सिर्फ नाराजगी जताई, बल्कि आसपास के दुकानदारों को सीधे तौर पर कटघरे में खड़ा कर दिया। उन्होंने दो टूक शब्दों में कहा कि जिस तरह आप अपने घर को साफ रखते हैं, उसी तरह इस इलाके को भी साफ रखें। गंदगी होने पर ग्राहक भागेंगे, लेकिन सफाई रखने से व्यापार बढ़ेगा। कलेक्टर श्रोत्रिय की इस सख्त टिप्पणी ने मौके पर मौजूद लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक स्थानों को कूड़ाघर बनाना अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्वच्छ शहर को लेकर प्रशासन की जिम्मेदारी के साथ-साथ आमजन की भागीदारी भी उतनी ही जरूरी है। निरीक्षण के दौरान बावड़ी और कुएं में फैली गंदगी को लेकर कलेक्टर श्रोत्रिय ने नगर पालिका अमले को फटकार लगाई और नियमित एवं सख्त सफाई व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सिर्फ अभियान चलाने से नहीं, बल्कि रोजाना निगरानी रखने से ही शहर साफ रह सकता है। इस दौरान सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया, इंजीनियर दीपक विश्वकर्मा सहित नगर पालिका का अमला मौके पर मौजूद रहा और सफाई कार्य को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश प्राप्त किए। इस दौरान नपा कर्मचारियों द्वारा कुएं और आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई भी की गई।

कलेक्टर श्रोत्रिय की सख्ती के बाद स्थानीय दुकानदारों ने भी अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करते हुए सफाई में सहयोग देने का भरोसा जताया। हालांकि सवाल अब भी वही है कि क्या यह सफाई संकल्प सिर्फ मौके तक सीमित रहेगा या सच में आदत बनेगा। प्रशासन की इस पहल से जहां क्षेत्र की सुंदरता में सुधार की उम्मीद जगी है, वहीं यह साफ संदेश भी गया है कि सफाई को लेकर अब लापरवाही नहीं चलेगी। यदि नागरिक जागरूक नहीं हुए, तो आने वाले समय में कार्रवाई भी तय मानी जा रही है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने तो शहरवासियो को साफ संदेश दे दिया है कि शहर आपका है और इसे गंदा करना भी आपकी गलती है, और साफ रखना भी आपकी ही जिम्मेदारी है।

## बाहर कचरा, घर में खतरा, बीमारियों का सीधा कनेक्शन

घर को साफ रखने लेकिन शहर को गंदा करने बाली दोहरी मानसिकता पर कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने तीखा सवाल उठाते हुए साफ शब्दों में नसीहत देते हुये कहा कि बाहर फैली गंदगी ही घरो में बीमारियों का सीधा आमंत्रण है। इसलिये जब आप अपने घर को साफ रखने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं, हर कोना चमकाते हैं, तो फिर शहर को गंदा क्यों करते हैं? शहर भी तो आपका ही है, किसी बाहरी व्यक्ति का नहीं है। कलेक्टर श्रोत्रिय ने आगे कहा कि लोग जब घर से बाहर निकलते हैं, शाम को घूमने जाते हैं, शांति की तलाश में शहर की सड़कों पर आते हैं, तब चारों ओर फैली गंदगी देखकर क्या उन्हें अच्छा लगता है। उन्होंने चेताया कि यह गंदगी सिर्फ देखने में ही खराब नहीं लगती, बल्कि बीमारियों को भी जन्म देती है। मच्छर, मक्खियां और संक्रमण फैलाने वाले तत्व यहीं से पनपते हैं और अंततः लोगों के घरों तक पहुंचकर उनके परिवार को ही नुकसान पहुंचाते हैं। कलेक्टर श्रोत्रिय ने स्पष्ट कहा कि बाहर गंदगी फैलाकर आप लोग अपने घरो के लिये ही बीमारियो को आमंत्रण दे रहे है। इसलिये अगर शहर को भी घर का हिस्सा जैसा मान लिया जाए, तो गंदगी अपने आप खत्म हो जाएगी।



एसपी के सहारा अभियान से संवर रहे बेटियों के सपने

# पुलिस ने 238 विवाहों में निभाई अहम भूमिका 103 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में महिला सुरक्षा, सम्मान और समानता को सशक्त बनाने की दिशा में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में चल रहे सहारा अभियान के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के विवाह में सहयोग कर उन्हें सम्मानपूर्वक नई जिंदगी की शुरुआत दिलाई जा रही है।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई की इस मानवीय पहल का असर यह है कि अब तक जिले में 238 कन्या विवाह कार्यक्रमों में जिला पुलिस की सक्रिय सहभागिता से विवाह सफलतापूर्वक संपन्न कराए जा चुके हैं। इसी क्रम में 19 अप्रैल को पावन पर्व अक्षय तृतीया के अवसर पर थाना लिधोरा अंतर्गत ग्राम छिपरी स्थित शारदा मंदिर मातृ धाम में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 103 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। इस आयोजन में पुलिस प्रशासन की सक्रिय मौजूदगी ने कार्यक्रम को और अधिक व्यवस्थित व गरिमामय बनाया।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई के निर्देशन में एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम, थाना प्रभारी दिगौड़ा मनीष मिश्रा, थाना प्रभारी चंदेरा रश्मि जैन, थाना प्रभारी मोहनगढ़ अंकित दुबे एवं थाना प्रभारी लिधोरा अपने पुलिस बल के साथ कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं जनसहयोग से सभी 103 नवविवाहित जोड़ों को उपहार भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य और सुखद वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं दी गईं। यह पहल जरूरतमंद परिवारों के लिए संबल बनकर सामने आई। इस अवसर पर विधायक हरिशंकर खटीक ने अपने संबोधन में कहा कि पुलिस अधीक्षक द्वारा संचालित नीड़, परी, भरोसा, सहारा, आसरा जैसे नवाचार अभियानों के माध्यम से महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने अपने संदेश में कहा कि समाज की वास्तविक प्रगति तभी संभव है, जब बेटियों को सुरक्षा, सम्मान और समान अवसर मिलें। उन्होंने कहा कि सहारा अभियान केवल एक योजना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग को जोड़कर जरूरतमंद परिवारों के जीवन में खुशियां लाने का एक संवेदनशील प्रयास है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे बेटियों के अधिकारों की रक्षा के लिए आगे आएं, बाल विवाह जैसी कुरीतियों को समाप्त करने में सहयोग करें और महिलाओं के प्रति सम्मानजनक व्यवहार को अपनी जिम्मेदारी बनाएं।

कृषक सहयोग संस्थान ने जागरुकता अभियान चलाया

# बाल विवाह के खिलाफ अलर्ट, शुभ दिन की आड़ में न हो अपराध



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

अक्षय तृतीया का पुण्य तभी सार्थक हो सकता है जब हर बेटी का बचपन सुरक्षित रहे। इसी उद्देश्य के चलते जिले में अक्षय तृतीया जैसे शुभ पर्व को बाल विवाह जैसी कुरीति से मुक्त रखने के लिए कृषक सहयोग संस्थान ने इस दिन को सतर्कता दिवस के रूप में मनाते हुए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया। संस्थान ने जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन नेटवर्क जेआरसी के सहयोग से कुंडेश्वर मंदिर, बगाज माता मंदिर सहित अन्य धार्मिक एवं सामूहिक स्थलों के ट्रस्ट व समिति पदाधिकारियों को पत्र भेजकर स्पष्ट किया कि नाबालिगों का विवाह कानूनन अपराध है और इसे रोकने में सभी की जिम्मेदारी तय है।

संस्थान के निदेशक डॉ. एचबी सेन ने कहा कि अक्षय तृतीया जैसे पवित्र अवसर की आड़ में बाल विवाह जैसे गंभीर अपराध को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने संतोष जताया कि प्रशासन और सामाजिक संगठनों की सक्रियता से पिछले वर्षों में इस दिन होने वाले बाल विवाहों में उल्लेखनीय कमी आई है, लेकिन इसे पूरी तरह समाप्त करना अभी बाकी है। उन्होंने लोगों को आगाह करते हुए बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत नाबालिग बच्चों की शादी कराना दंडनीय अपराध है। इसमें शामिल होने या किसी भी प्रकार की सहायता देने पर दो साल तक की सजा और जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। डॉ. सेन ने कहा कि कुछ वर्षों पहले तक लोगों में इस कानून को लेकर जागरूकता का अभाव था, लेकिन अब स्थिति बदल रही है और समाज धीरे-धीरे इस कुरीति के खिलाफ खड़ा हो रहा है। गौरतलब है कि जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन नेटवर्क देशभर में 250 से अधिक संगठनों के साथ मिलकर 450 से ज्यादा जिलों में बाल विवाह के खिलाफ अभियान चला रहा है और अब तक 5 लाख से अधिक बाल विवाह रुकवाने में सफलता हासिल कर चुका है।

बेटी का बचपन बचाने एसपी की पहल, गांव-गांव जागरुकता का संदेश

# शुभ अवसर वही जब बेटी का भविष्य हो सुरक्षितः मंडलोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




शुभ अवसर वही है, जब बेटी व बच्चों का भविष्य सुरक्षित हो। उक्त वक्तव्य देकर एक जनहित उद्देश्य के तहत पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा बेटी का बचपन बचाने के लिए अक्षय तृतीया जैसे शुभ अवसर को सामाजिक जागरूकता से जोड़ते हुए बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ एक प्रेरक अभियान चलाया गया।

पुलिस अधीक्षक मंडलोई के इसी अभियान के तहत सोमवार 20 अप्रैल को महिला सेल टीम ने ग्राम मांडूमर में ग्रामीण स्वावलंबन समिति के सहयोग से बाल विवाह विरोधी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान गांव के महिला-पुरुषों को बाल विवाह के गंभीर दुष्परिणामों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। महिला सेल टीम ने ग्रामीणों को समझाया कि बेटियों का विवाह 18 वर्ष से पहले और बेटों का 21 वर्ष से पहले कराना कानूनन अपराध है, जो बच्चों के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास को प्रभावित करता है। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों को यह भी बताया गया कि बाल विवाह सिर्फ एक सामाजिक कुरीति ही नहीं, बल्कि यह बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। इसलिए समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है कि वह इस अपराध को रोकने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। महिला सेल टीम ने ग्रामीणों से अपील करते हुये कहा कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को सूचित करें, ताकि समय रहते कार्रवाई कर इस कुप्रथा को रोका जा सके। साथ ही महिला हेल्पलाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 एवं आपातकालीन सेवा 112 की जानकारी देकर जरूरत पड़ने पर इन सेवाओं का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के अंत में महिला सेल टीम ने बच्चों के बीच स्नेहपूर्वक टॉफियां वितरित कीं, जिससे उनके चेहरे खिल उठे और कार्यक्रम का माहौल आत्मीय बन गया। इस अभियान में पुलिस महिला सेल के साथ ग्रामीण स्वावलंबन समिति के सदस्य सुरेंद्र, टीना, रवि एवं लक्ष्मण की सक्रिय सहभागिता रही। यह पहल न केवल बाल विवाह जैसी कुप्रथा के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि समाज को जनहित में एक शुभ संदेश भी है।

बड़े भाई ने छोटे को डंडों से पीटकर किया घायल

# आम तोड़ने को लेकर सगे भाइयों में खूनी संघर्ष, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

जिले के दिगौड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लुहरगुवां में सोमवार को एक मामूली विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। खेत में लगे शामिलाती पेड़ से आम तोड़ने को लेकर दो सगे भाइयों के बीच ऐसा विवाद भड़का कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। इस घटना में छोटे भाई को गंभीर चोटें आई हैं, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, ग्राम लुहरगुवां निवासी धर्मेंद्र घोष उर्फ हल्के भैया सोमवार दोपहर करीब 1 बजे अपने खेत पर स्थित पेड़ से आम तोड़ने गया था। इसी दौरान मौके पर पहुंचे उसके बड़े भाई देवेंद्र घोष ने इसका विरोध किया, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। बताया जा रहा है कि देखते ही देखते यह कहासुनी विवाद में बदल गई और बड़े भाई देवेंद्र ने गुस्से में आकर डंडा उठाकर धर्मेंद्र पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। अचानक हुए इस हमले से धर्मेंद्र संभल नहीं सका और गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट के दौरान धर्मेंद्र के सिर, हाथ और पैरों में चोटें आईं, जिससे वह लहूलुहान हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों ने बीच-बचाव कर किसी तरह स्थिति को शांत कराया और घायल को तत्काल इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। वहीं सूचना मिलते ही दिगौड़ा थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। प्रधान आरक्षक अभय वर्मा ने बताया कि पीड़ित की रिपोर्ट के आधार पर आरोपी भाई देवेंद्र घोष के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने घटना के कारणों और विवाद की पृष्ठभूमि को लेकर भी जांच शुरू कर दी है। ग्रामीण क्षेत्र में घटित इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि छोटी-छोटी बातों पर पारिवारिक रिश्ते किस तरह हिंसा में बदल रहे हैं। मामूली विवाद का इतना बड़ा रूप लेना सामाजिक संबंधों में बढ़ती असहिष्णुता की ओर भी इशारा करता है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है और आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।



जिला पुलिस को मिले 4 नव आरक्षक, एसपी ने सौंपे नियुक्ति आदेश

# पुलिस सेवा नौकरी नहीं बल्कि जिम्मेदारी हैः पुलिस अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित एक गरिमामयी कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने नव नियुक्त 4 आरक्षकों को उनके नियुक्ति आदेश प्रदान किए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, सूबेदार उत्तम सिंह तथा एएसआई लक्ष्मीकांत कड़ा भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में एसपी मंडलोई ने जिला पुलिस बल में शामिल होने बाले चार नव आरक्षकों की शुरूआती नीव मजबूत करने के उद्देश्य से उन्हें पुलिस की जिम्मेदारियों से अवगत कराते हुये कहा कि नौकरी करना अलग बात होती है और नौकरी को निभाना कर्मचारी होता है। और पुलिस का कर्म यही है कि जनता व जरूरतमंदो की मदद कर उन्हें न्याय दिलाये और अपराध व अपराधियों पर सख्ती से अंकुश लगाने का हर संभव प्रयास करें। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा नव आरक्षकों का आत्मीय स्वागत और बधाई संदेश के साथ हुई। अपने संबोधन में एसपी मंडलोई ने कहा कि आरक्षक पद पुलिस बल की मूल शक्ति है और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि समाज में सुरक्षा का वातावरण बनाए रखना और अपराधों पर नियंत्रण रखना आरक्षकों की जिम्मेदारी का अहम हिस्सा है। एसपी मंडलोई ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पुलिस सेवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और सेवा भावना से जुड़ा एक गौरवपूर्ण दायित्व है।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का छिपरी में आयोजन, 96 विवाह और 3 निकाह संपन्न

# अक्षय तृतीया पर 99 जोड़ों ने थामा जीवनसाथी का हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




जिले में पावन पर्व अक्षय तृतीया के अवसर पर जनपद पंचायत जतारा अंतर्गत शारदा मंदिर मातृ धाम, छिपरी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह व निकाह योजना के तहत भव्य सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक समरसता और पारिवारिक उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जतारा विधायक हरिशंकर खटीक, अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष उमिता राहुल सिंह, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक पृथ्वीपुर डॉ. शिशुपाल सिंह यादव एवं कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में कुल 99 जोड़ों ने अपने नए जीवन की शुरुआत की। इनमें 96 जोड़ों का पारंपरिक हिन्दू रीति-रिवाजों से विवाह संपन्न कराया गया, जबकि 3 जोड़ों का मुस्लिम परंपरा के अनुसार निकाह सम्पन्न हुआ। पूरे आयोजन में हर्षोल्लास, उत्साह और भावनात्मक माहौल देखने को मिला। मुख्य अतिथि विधायक हरिशंकर खटीक ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री कन्या विवाह व निकाह योजना समाज के कमजोर एवं जरूरतमंद वर्ग के लिए एक महत्वपूर्ण सहारा है। इस योजना के माध्यम से बेटियों के विवाह में आर्थिक सहयोग प्रदान कर परिवारों को राहत मिलती है। उन्होंने कहा कि ऐसे सामूहिक आयोजन सामाजिक एकता और भाईचारे को भी सुदृढ़ करते हैं। कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र हितग्राही को योजनाओं का लाभ समय पर और पारदर्शी तरीके से मिले। उन्होंने सभी नवदंपत्तियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद, समृद्ध और सफल दांपत्य जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा प्रत्येक नवविवाहित जोड़े को 49 हजार रुपये का चेक, साथ ही शासन द्वारा निर्धारित गृहस्थी सामग्री एवं आर्थिक सहायता प्रदान की गई। नवदंपत्तियों को आशीर्वाद देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

इस अवसर पर जतारा जनपद अध्यक्ष रेखा महेश यादव, अजय सिंह यादव, मीरा खरे, संध्या सोनी, स्वप्निल तिवारी, मोहन सिंह गौर, गणेश आदिवासी सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। वहीं प्रशासनिक स्तर पर एसडीएम जतारा संजय कुमार दुबे, उप संचालक सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सौरभ तिवारी, एसडीओपी अभिषेक गौतम सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों के परिजन और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों की मौजूदगी ने आयोजन को और भी भव्य बना दिया। पूरे समारोह ने न केवल वैवाहिक संस्कारों की गरिमा को दर्शाया, बल्कि सामाजिक समरसता, सहयोग और सरकारी योजनाओं की प्रभावशीलता का भी जीवंत उदाहरण प्रस्तुत किया।


### नपा की डेढ़ दर्जन दुकानों को स्वेच्छा से तोड़ने रेलवे ने दिया नोटिस

# अपनी जमीन पर तो अतिक्रमण हटा नहीं रहा रेलवे नपा की जमीन चला हथियाने

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

रेलवे ने नगरपालिका श्योपुर को बिजली घर से हिंदू धर्मशाला के सामने बनी डेढ़ दर्जन दुकानों को स्वेच्छा से हटा लेने का नोटिस जारी किया है। समय सीमा में दुकानें स्वेच्छा से नहीं हटाने पर रेलवे ने खुद अतिक्रमण हटाने की चेतावनी दी है। हालांकि इस मामले में रेलवे विभाग ने जिस कोर्ट के फैसले का हवाला दिया है उसी कोर्ट का हवाला देते हुए सीएमओ ने मामला कोर्ट में अपील प्रक्रिया में चलना बताकर दुकानें तोड़ने पर रोक लगवा दी है लेकिन प्रश्न यह उठ रहा है कि रेलवे को नपा के स्वामित्व की बनी दुकानें तो अतिक्रमण दिखाई पड़ रही हैं लेकिन अपनी ही जमीन पर कब्जा कर संचालित हो रही अवैध दुकानें नहीं दिखाई दे रही है। जिन्हें हटाने की कारवाई रेलवे विभाग कब करेगा यही प्रश्न लोगों द्वारा किया जा रहा है।

सहायक मंडल इंजीनियर ग्वालियर द्वारा सीएमओ के नाम जारी किए गए नोटिस में उल्लेख किया है कि रेलवे की जमीन पुराना रेलवे स्टेशन शिवपुरी रोड पर नगरपालिका द्वारा जो पक्का निर्माण कर दुकानें बनाई है वो रेलवे विभाग की जमीन कब्जा कर बनाई गई है। इस संबंध में जिला न्यायालय श्योपुर द्वारा 29, सितंबर 2025 को आदेश पारित करते हुए नगरपालिका को रेलवे की जमीन पर बनी दुकानें हटाने के आदेश पारित किए जा चुके हैं इस क्रम में पूर्व में भी आपको सूचना देकर दुकानें हटाने को कहा था लेकिन आपके द्वारा अभितक दुकानों को नहीं हटाया गया है।यह न्यायालय की अवमानना है। नोटिस में तीन दिवस में दुकानें नहीं हटने पर रेलवे विभाग खुद अतिक्रमण हटाकर अपनी जमीन अपने कब्जे ले लेगा। इसी नोटिस के बाद उन दुकानदारों में बेचैनी व्याप्त हो गई है जो वहां बनी दुकानों पर नगरपालिका के माध्यम से किराएदारी से रहकर आजीविका चला रहे हैं। हर प्रश्न यह उठ रहा है कि रेलवे विभाग सिर्फ नगर पालिका की पक्की बनी उन दुकानों को ही टारगेट क्यों कर रहा है जबकि उससे अधिक जमीन पर तो रेलवे स्टेशन से लेकर दुकानों तक कब्जे हो रहे हैं जिन्हें हटाने की कार्रवाई रेलवे विभाग ने कभी नहीं की।



#### 6 साल से स्टेशन बंद पर कैंटीन चालू

आश्चर्य की बात यह है कि नैरोगेज का संचालन फरवरी 2020 में कोरोनाकाल के समय ही बंद हो गया था उसके बाद से आज रेल सेवा शुरू नहीं हो सकी है। 6 साल बीतने के बावजूद नैरोगेज का संचालन तो शुरू नहीं हो सका है लेकिन रेलवे स्टेशन पर बनी कैंटीन अभी भी चालू है जबकि कैंटीन का संचालन रेल से यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए किया जाता है जब स्टेशन पर बीते 6 सालों से रेल ही नहीं आई है तो फिर कैंटीन किसके आदेश से संचालित हो रही है। क्या कैंटीन का विधिवत ठेका दिया जा रहा है या फिर कैंटीन के नाम पर अतिक्रमण किया हुआ है।

#### विज्ञापन एजेंसी ने गाड़ा होर्डिंग, औरों ने भी किया कब्जा

2020 में रेल का संचालन बंद होने और अधिकारियों का ध्यान श्योपुर रेलवे स्टेशन की ओर से पूरी तरह हट जाने के कारण रेलवे की जमीन पर मनमाने कब्जे भी देखे जा रहे हैं। ग्वालियर की एक विज्ञापन एजेंसी ने स्टेशन ओर नगरपालिका की दुकानों के बीच खाली पड़ी रेलवे की जमीन पर लोहे की एंगल गाढ़कर विज्ञापन होर्डिंग लगा दिया है। आश्चर्य की बात यह है कि उक्त एजेंसी ने नगर पालिका से उक्त स्थान पर विज्ञापन होर्डिंग लगाने का अनुबंध किया है। जिसके के कंपनी ने तीन साल का लाखों रुपए में अनुबंध किया है कंपनी उक्त स्थान पर विभिन्न कंपनियों के फ्लेक्स लगाकर मोटा मुनाफा कमा रही है। लेकिन रेलवे को उसका एक रुपया भी नहीं मिल रहा है जबकि उक्त होर्डिंग रेलवे की जमीन पर लगाया गया है और रेलवे से स्वीकृति भी नहीं ली गई है।

#### इनका कहना है...

रेलवे विभाग ने शिवपुरी रोड स्थित दुकानों को हटाने का नोटिस दिया है लेकिन यह नोटिस 2025 में जिला न्यायालय के फैसले के तारतम्य में दिया गया है जबकि इस मामले में नगर पालिका हाई कोर्ट में अपील कर चुकी है और मामला अभी प्रचलित होने के चलते नोटिस दिया जाना उचित नहीं है यह बात हमने रेलवे विभाग को बता दी है।

आरआर यादव
सीएमओ श्योपुर

### हज कमेटी के अध्यक्ष ने श्योपुर से हाजियों के पहले जत्थे को रवाना किया

# सरकार ने हज को आसान बनाने के लिए इंतजाम किएः रफत वारसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



हज को आसान बनाने के लिए उलमाए हजरात द्वारा सुझाए गए सभी सुझावों पर भारत सरकार ने न सिर्फ गंभीरता से विचार किया बल्कि उसे अमली जामा भी पहनाया। हाजियों को भारत में हज हाउस हवाई अड्डा पर ओर भारत के बाहर (सऊदी अरब) कोई परेशानी ना हो इसके पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। आप जब हज पर सऊदी पहुंचोगे तो आपको वहां कदम कदम पर भारतीय खिदमतगार मिलेंगे। जिनमें हज से संबंधित जानकारी मुहैया कराने वाले उलमा ओर डॉक्टर , सुरक्षा गार्ड आदि मिल जाएंगे। आपको बिलकुल भी परेशानी न हो ओर आप हमेशा खिदमतगारों की निगरानी में ओर खिदमतगार आपकी निगरानी में रहें इसलिए आपको हज कमेटी ने स्मार्ट वॉच मुहैया कराई है उसे आप हमेशा अपनी कलाई पर बांधे रहें। यह बात मध्यप्रदेश हज कमेटी के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) रफत वारसी ने बालापुरा में हज पर जा रहे यात्रियों के स्वागत समारोह में संबोधन देते हुए कही।

श्योपुर जिले से हज पर जा रहे यात्रियों को रवाना करने ओर मुबारकबाद देने श्योपुर पहुंचे रफत वारसी ने हाजियों को बताया कि हज के पांच दिनों में होने वाले अरकान, उमराह, तवाफ, सफा मरवाह की दौड़, स्थानीय पाक स्थलों की जियारत के साथ सफर को लेकर आवश्यक जानकारियां विस्तार से दी। उन्होंने कहा कि हज आसान हो इसके लिए केंद्रीय हज कमेटी (भारत सरकार) ने हमेशा मुस्लिम समुदाय से परामर्श लेकर योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि इस बार 25 हजार हाजियों का अतिरिक्त कोटा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास भारत को मिला है जिसके बाद इस साल पहली बार भारत से हज पर जा रहे जायरीनों की संख्या पौने दो लाख से अधिक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि पहले ऐसी महिला जो बेसहारा हो बिन मेहराम (नजदीकी पुरुष रिश्तेदार के बिना) हज पर नहीं जा पाती थी। अब अकेली महिला भी सुरक्षित हज पर जा सकती है और उसका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए व्यवस्था कर दी है कि अब हज के दौरान पुरुष अलग कमरे में और महिला अलग कमरे में रहेगी यानी पति-पत्नी भी एक रुम में साथ नहीं रहेंगे इससे हज के दौरान इबादत अधिक करने का मौका मिलेगा।

#### इन तारीखों में हज के लिए उड़ान भरेंगे हाजी

9 हाजी 21 अप्रैल मुंबई से
2 हाजी 24 अप्रैल को जयपुर से
19 हाजी 24 अप्रैल मुंबई से
8 हाजी 20 अप्रैल जयपुर से
5 हाजी 19 मई को मुम्बई से

# दलित ठेकेदार को पिता पुत्र ने मिलकर पीटा,केस दर्ज

श्योपुर। मकान बनाने वाले एक दलित ठेकेदार की नामजद पिता पुत्र ने जातीय अपमान करते हुए मारपीट कर दी। सोमवार को यह मामला मानपुर थाना क्षेत्र के गांव खड्डूराम का डेरा का है। इस मामले में पुलिस ने मारपीट करने वाले पिता पुत्र के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मानपुर टीआई सतीश कुमार दुबे ने बताया कि फरियादी महावीर पुत्र रामनाथ बैरवा निवासी कल्याणपुरा मकान बनाने का ठेका लेता है। उसने खड्डूराम का डेरा निवासी रतन ओड का छत डालने तक मकान बनाने का ठेका 65 हजार रूपए में लिया था। 50 हजार रूपए रतन ओड ने छत डालने से पहले तक दे दिए थे,शेष 15 हजार छत की शटरिंग खोलने के दौरान देने की बात तय हुई। मगर छत की सटरिंग खोलने के दौरान भी शेष राशि नहीं दी।जब महावीर ने पैसे मांगे तो रतन और उसके बेटे सगसू ओड ने मिलकर महावीर की जातीय अपमान करते हुए थापघूसो से मारपीट कर दी और उसका गला भी दबा दिया। इस मामले में महावीर की रिपोर्ट पर दोनों पिता पुत्र के खिलाफ मारपीट और एससीएसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

#### ग्रीष्म ऋतु में लू से बचने के संबंध में एडवाइजरी जारी

श्योपुर। आपदा प्रबंधन की ओर से जिले में बढ़ते तापमान को देखते हुये ग्रीष्म ऋतु में लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव हेतु एडवाईजरी जारी की गई है। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय द्वारा जारी एडवाईजरी के अनुसार नागरिकों को पानी, छांछ, ओआरएस का घोल या घर में बने पेय जैसे लस्सी, नींबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन करने की सलाह दी गई है। यथा संभव दोपहर 12 से 03 बजे तक धूप में बाहर निकलने से बचें। धूप में निकलते समय अपना सिर ढक कर रखें। कपडे, टोपी अथवा छतरी का उपयोग करें। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करें। पानी हमेशा साथ रखें। शरीर में पानी की कमी नही होने दें। सूती, ढीले एवं आरामदायक कपड़े पहनें।

#### कलेक्टर आज विजयपुर में करेगी जनसुनवाई

श्योपुर। कलेक्टर शीला दाहिमा मंगलवार 21 अप्रैल को अपनी पहली जनसुनवाई विजयपुर विकासखण्ड मुख्यालय पर करेंगी। जनसुनवाई कार्यक्रम जनपद पंचायत विजयपुर के सभागार में प्रातः 11 बजे से आयोजित होगा। कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा द्वारा जनसुनवाई करते हुए आवेदनों का निराकरण किया जायेगा। श्योपुर जिला मुख्यालय से तहसील विजयपुर की दूरी को दृष्टिगत रखते हुए तथा आमजन को सुविधा के साथ उनकी समस्याओं के निराकरण के लिए मंगलवार को विजयपुर में जनसुनवाई आयोजित की गई है। कलेक्टर शीला दाहिमा ने सभी जिला अधिकारियों एवं विजयपुर के खण्ड स्तरीय अधिकारियों को उक्त जनसुनवाई के दौरान विजयपुर में उपस्थित रहने के निर्देश दिये है।

### भाजपा जिला कार्यालय पर जिला स्तरीय विचार गोष्ठी संपन्न

# बाबा साहब की समानता की सोच ने भारत को बनाया मजबूत राष्ट्रः शशांक




हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

डॉ भीमराव अम्बेडकर की सोच समानता, स्वतंत्रता, बंधुत्व और सामाजिक न्याय पर आधारित थी। वे जाति प्रथा व असमानता के कड़े विरोधी थे, और शिक्षा को सशक्तीकरण का सबसे बड़ा हथियार मानते थे। उनका लक्ष्य एक ऐसा भारत बनाना था जहाँ हर नागरिक को सम्मान, समान अवसर और कानूनी अधिकार मिले, न कि प्रतिशोध की भावना। उनकी इसी समानता की सोच ने भारत को मजबूत राष्ट्र बनाने में सहयोग किया। यह बात भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने सोमवार को भाजपा कार्यालय पर आयोजित अम्बेडकर जयंती समारोह के तहत आयोर्जि जिला स्तरीय विचार गोष्ठी में बाबा साहेब के जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए कही।

भाजपा कार्यालय पर अनुसूचित जाति मोर्चा के द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित जिला स्तरीय विचार संगोष्ठी में सहभागिता करने मुख्य वक्ता के रूप में ग्वालियर से श्योपुर पहुंचे राकेश माहौर ने डॉ अम्बेडकर के जीवन वृत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अंबेडकर बनना आसान नहीं है उन्होंने जो अपमान ओर अत्याचार झेले हैं वो उन्हें महान बनाता है। उनका मानना था कि समाज में जाति, लिंग या धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने भारतीय संविधान के माध्यम से सभी के लिए समान अधिकार सुनिश्चित किए। वे शिक्षा को सामाजिक व राजनीतिक स्वतंत्रता का प्रमुख साधन मानते थे। उनका मूलमंत्र था - शिक्षित बनो, संगठित बनो और संघर्ष करो । इस दौरान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री संजय अकोदिया, अनुसूचित जाती मोर्चा अध्यक्ष राजेन्द्र अकोदिया सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### कलेक्टर से मुलाकात कर सरपंच संगठन ने सौंपा ज्ञापन

# प्रत्येक ग्राम पंचायत में दी जाए खेत सड़क बनाने की प्रशासकीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर




जनपद पंचायत श्योपुर क्षेत्र की ग्राम पंचायतो के सरपंचों के एक प्रतिनिधी मंडल ने सोमवार को सरपंच संगठन की अगुवाई में कलेक्टर शीला दाहिमा से मुलाकात कर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेत सडक बनाने की प्रशासकीय स्वीकृति दिए जाने की मांग की है।

सरपंच संगठन जनपद पंचायत श्योपुर के अध्यक्ष योगेश मीणा और सचिव महावीर सिंह मीणा की अगुवाई में सरपंचो ने सीएम के नाम कलेक्टर को सौपे ज्ञापन में उल्लेख किया है कि जनपद क्षेत्र श्योपुर की ग्राम पंचायतों में धान का रकवा लगातार बढता जा रहा है। धान लगाने वाले किसानों को बरसात के दिनो में भी ट्रैक्टर ट्रॉली सहित अन्य मशीने व खाद बीज तथा दवाईयां लेकर खेतों पर पहुंचने की जरूरत अधिक रहती है। लेकिन खेतों पर जाने वाले रास्ते कच्चे होने के कारण किसानों को बारिश के दौरान खेतों पर पहुंचने के लिए खासी परेशानियों का सामना करना पडता है और आर्थिक नुकसान भी उठाना पडता है। इसलिए मनरेगा के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में खेत सडक बनाए जाने की प्रशासकीय स्वीकृति जारी करवाई जाए। ताकि किसानों की परेशानी मिट सके। ज्ञापन में सरपंच संगठन ने उक्त मांग न माने जाने पर आंदोलन करने की चेतावनी भी दी है।

### पकड़े गए वाहनों से वसूला 18 हजार 500 रुपए का जुर्माना

# यातायात पुलिस ने बड़ौदा और कोटा रोड पर लगाया चेकिंग प्वाइंट,बिना नंबर दौड़ रहे 26 वाहन पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

वाहन चोरी और सडक दुर्घटनाओ पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस कप्तान सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देश पर शुरू किए गए अभियान के तहत यातायात थाना पुलिस ने सोमवार को शहर के बडौदा रोड और कोटा रोड पर चेकिंग प्वाइंट लगाकर उन वाहनो को चेक किया, जो बिना नंबर फर्राटे भर रहे थे। इस दौरान पुलिस ने 26 वाहनों को पकडा और उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई करते हुए उनसे 18 हजार 500 रूपए का जुर्माना वसूला है। यातायात टीआई संजय सिंह राजपूत ने बताया कि सोमवार को ट्रैफिक थाने के एएसआई जितेन्द्र शर्मा तथा अन्य ट्रैफिक स्टाफ के साथ श्योपुर बडौदा रोड और श्योपुर कोटा पर वाहनो की चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान 26 वाहन बिना नंबर संचालित होते पकडे गए। इन सभी वाहनों के चालकों पर चालानी कार्रवाई करते हुए उनसे जुर्माना वसूला है। साथ ही वाहनों पर एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने की हिदायत दी है।



#### एक ओवर लोड यात्री बस पकड़ी,किया 6 हजार का जुर्माना

चेकिंग के दौरान यातायात थाना पुलिस ने सोमवार को एक ओवर लोड यात्री बसो को भी पकडा है। जिस पर 6 हजार रूपए का जुर्माना किया है। चैकिंग के दौरान तब यातायात पुलिस की टीम ने जब श्योपुर से ग्वालियर जा रही बालाजी कंपनी की यात्री बस को चैक किया तो बस में 30 सवारी ओवर लोड मिली। जिसकारण उक्त यात्री बस पर 6 हजार रूपए का जुर्माना किया है,साथही परमिट पात्रता अनुसार ही सवारियां बैठाने की सख्त हिदायत भी दी है।

### 28 को नौनार सरकार धाम पर 351 गरीब कन्याओं का निशुल्क विवाह कराया जाएगा

# 351 दामादों के स्वागत के लिए 'जनकपुर' बनेगा नौनार सरकार धाम, तैयारियां शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले के कराहल क्षेत्र में मौजूद नौनार सरकार धाम 28 अप्रैल को 351 दामादों के स्वागत के लिए जनकपुर बनता नजर आएगा और यहां शहनाइयों की गूंज सुनाई देगी। वजह यह है कि इस दिन यहां बागेश्वर धाम की तर्ज पर सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जाएगा और जिसमें 351 गरीब कन्याओं का निःशुल्क विवाह कराया जाएगा। यह कार्यक्रम पूज्य नौनार सरकार महाराज के सानिध्य में आयोजित होगा। खास बात यह है कि इस मौके पर विवाह बंधन में बंधने वाली गरीब कन्याओं को आशीर्वाद देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन सिंह यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर, केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया,जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला समेत कई बडी हस्तियां के यहां पहुंचने की संभावनाएं है। क्योंकि इन सभी को इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया जा चुका है।

कार्यक्रम स्थल पर सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियां शुरू हो गई है। इसी क्रम में पूज्य नौनार सरकार महाराज ने सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर शीला दाहिमा और अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय को भी इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रण दिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण भी मौजूद थे। बताना होगा कि नौनार सरकार धाम पर गरीब कन्याओ का निःशुल्क विवाह कराए जाने का इस साल दूसरा आयोजन है। क्योंकि इस तरह का पहला भव्य आयोजन यहां पिछले साल अक्षय तृतीया के मौके पर 30 अप्रैल को आयोजित किया जा चुका है। बताया जा रहा है कि इस बार आयोजित होने वाला कार्यक्रम पिछले साल की तुलना में और ज्यादा भव्य होगा और जनसमुदाय भी काफी जुटेगा। क्योंकि इस साल पिछले साल की तुलना में जोडों की संख्या तीन गुना है।



#### भंडारा भी होगा, प्रसादी पाने जुटेगे हजारों लोग

28 अप्रैल को यहां 351 गरीब कन्याओं का निःशुल्क विवाह सम्पन्न कराए जाने के साथही विशाल भंडारा भी आयोजित किया जाएगा। इस भंडारे में विवाह सम्मेलन में आने वाले सभी लोगों के साथ क्षेत्र के लोग भी बडी तादात में प्रसादी पाने के लिए पहुंचेगे। कार्यक्रम स्थल पर तैयारियां का सिलसिला शुरू हो गया है। भागवत कथा के लिए जहां पांडाल सज गया है। वहीं विवाह और भंडारे के लिए भी अलग अलग स्थानों पर पांडाल सजाए जाने की तैयारियां शुरू हो गई है। उधर प्रशासन व पुलिस की ओर से भी इस कार्यक्रम को लेकर अपने अपने स्तर से तैयारियां शुरू कर दी है।

#### आज निकलेगी कलश यात्रा,होगा भागवत कथा का शुभारंभ

28 अप्रैल को जनकपुर बनने वाले नौनार सरकार धाम पर कार्यक्रमों का शुभारंभ 21 अप्रैल मंगलवार को कलश यात्रा के साथ होगा। कलश यात्रा सुबह 10 बजे शुरू होगी, जो गाजेबाजे के साथ कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेगी। कलश यात्रा के उपरांत 21 अप्रैल को यहां श्रीमद भागवत कथा का शुभारंभ भी होगा। श्रीमद भागवत कथा का वाचन पूज्य संत शिवम बापू महाराज अपनी मधुरवाणी से करेगे। 27 अप्रैल तक चलने वाली भागवत कथा का आयोजन दोपहर एक बजे से शाम 4 बजे तक किया जाएगा।बताया गया है कि 25 अप्रैल को यहां भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया जाएगा।

# कलेक्टर ने पक्षियों के लिए टांके पानी के सकोरे, शीतल प्याऊ का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

गर्मी के इन दिनों में पक्षियों को पीने के लिए पानी आसानी से उपलब्ध हो सकें, इसके लिए कलेक्टर शीला दाहिमा ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में लगे पेड़ो पर मिट्टी के सकोरे टाके और उनमें पानी भरा। इसके साथही कलेक्टर ने लोगो की प्यास बुझाने के लिए शीतल प्याऊ का शुभारंभ भी किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, डिप्टी कलेक्टर संजय जैन, योग शिक्षक दिनेश साहू आदि मौजूद रहें। कलेक्टर शीला दाहिमा ने पक्षियों के लिए पानी के सकोरे टांकने के दौरान निर्देश दिये कि कलेक्ट्रेट परिसर में लगाये गये सकोरे पात्रो में नियमित रूप से पानी और दाना रखा जायें। कलेक्टर ने सभी नागरिको से अपील की है कि अपने घर की बालकनी, आंगन या छत में पक्षियों के लिए पानी रख सकते हैं। अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय ने बताया कि कलेक्ट्रेट भवन के अंदर तो शीतल जल के लिए वाटरकूलर, आरओ इत्यादि लगे हुए है, इसी क्रम में तहसील कार्यालय के गेट पर मिट्टी के मटके रख शीतल जल प्याऊ शुरू की गई है, जिससे कलेक्ट्रेट आने वाले लोगों को मटके का ठंडा पानी पीने को उपलब्ध होगा।



## खबर संक्षेप

### फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के सेहराई थाने के अंतर्गत ग्राम पठारी निवासी संन्टू लोधी उम्र 21 साल ने महुआ वाले खेत में बबूल के पेड़ पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम भैंसोनकला निवासी उमा कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि ससुराल पक्ष की ओर से आशीष, बृजेश, गोंलू और गुडडी बाई कुशवाह ने दहेज की मांग को लेकर उससे मारपीट की और मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ति किया, जिस पर से पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

### युवक ने घर में ही फांसी लगाई

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत ग्राम केलारस निवासी समरथ पुत्र प्रकाश जाटव उम्र 32 साल ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

### ऑनलाइन सट्टा खेल रहे 3 आरोपियों से मोबाइल जब्त

**अशोकनगर।** जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस ने जलसा गार्डन के पास मन्दसौर मिल क्षेत्र निवासी सौरभ भार्गव, अभिषेक रघुवंशी और गोलू धाकड़ को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने दो मोबाइल जब्त किए हैं जिससे वह ऑनलाइन सटटा खेल रहे थे।

### मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत गुरूधाम कॉलोनी निवासी गोलू रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दीपक और हरगोविन्द रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले विजयपुरा निवासी गोरेलाल रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मेहरवान प्रजापति, धर्मेन्द्र और राजकुमार रजक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। चन्देरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदेरी निवासी सुभम रैकवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी मनोज रैकवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। ग्राम भेलवासा निवासी रमेश जाटव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सचिन जाटव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

### शहर के गांधी चौक पर महाआरती का आयोजन, जगह-जगह स्वागत

# भगवान परशुराम की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई, चल समारोह निकाला गया





हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

भगवान परशुराम जयंती के पर्व पर रविवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में परशुराम जयंती के अवसर पर शहर में श्री हरि भगवान विष्णु के अवतार भगवान परशुराम जी की जयंती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई है। इस दौरान नगर के परशुराम मंदिर पर सुबह के समय से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और पूजा पाठ का सिलसिला शुरू हुआ और समिति द्वारा एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। जिसमे मातृशक्ति दुर्गा बहनों ने भी बड़ी संख्या मे रही। जगह-जगह शोभायात्रा का स्वागत किया गया और फूल बरसाए गए।

शोभायात्रा से पहले शहर के परशुराम धर्मशाला स्थित मंदिर पर भगवान परशुराम जी महा आरती की गई और उसके बाद शोभा यात्रा शुरू हुई, जो नगेश्री चैराहा, अंबेडकर भवन, सुराना चैराहा, इंदिरा पार्क, गांधी पार्क होते हुए पुराने बाजार के रोड से वापस परशुराम धर्मशाला पहुंची, जहां पर शोभायात्रा का समापन हुआ। इस दौरान भगवान परशुराम जी की प्रतिमा रखकर आकर्षक झांकी सजाई गई। सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा निकाली गई इस शोभा यात्रा में अन्य सभी समाजो के लोगों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शोभा यात्रा में शामिल हुए। सभी श्रद्धालुओं मे इस शोभा यात्रा समारोह के दौरान खासा उत्साह देखा गया।

#### महाआरती का नजारा देखने लायक था

शोभायात्रा में इस बार एक विशेष महा आरती गांधी पार्क पर आयोजित की गई जिसमें गंगा आरती के जैसा नजारा देखने को मिला। इस अवसर पर 1008 प्रभुतानंद पीली कोठी चित्रकूट 1008 युवराज महंत रामचंद्र दास महाराज इस अवसर पर आचार्य यशवंत शास्त्री द्वारा 51 हजार रुपए सर्व ब्राह्मण धर्मशाला ट्रस्ट को दिए गए और प्रत्येक वर्ष 51000 देने की घोषणा की साथ में आचार्य रामेश्वर शास्त्री द्वारा भी उनकी माताजी के माध्यम से 11000 देने की घोषणा की,प्रत्येक वर्ष ब्राह्मण सम्मेलन के लिए 5100 देने की घोषणा की।

#### समिति द्वारा विवाह जोड़ों का भी आयोजन किया गया

समिति द्वारा विवाह जोड़ों का भी आयोजन किया गया। सर्व ब्राह्मण ट्रस्ट के अध्यक्ष ओम प्रकाश चैधरी सचिव राजेश शर्मा डॉ दीपक मिश्रा हरिओम शर्मा छैलाई हरिओम नायक रमेश खोपरा ओपी शर्मा युवा अध्यक्ष बलराम वीरू बोहरे, वीरू संजीव बोहरे रामकुमार शर्मा दीपक शर्मा सुनील बोहरे वरिष्ठ समाजसेवी रमेश नायक नारायण प्रसाद शर्मा धर्मेंद्र चैधरी रविन्द्र भारद्वाज प्रमुख उपिस्थित रहे साथ मे कैप्टन हर्षित शर्मा पुत्र मंटू शैलेन्द्र शर्मा का भी सम्मान किया गया। इस पर अखंड रघुवंशी समाज अध्यक्ष गंगा रघुवंसी समाज के नेतृत्व मे महिलाओं ने महा आरती भाग लिया उनका भी समाज द्वारा सम्मान किया गया। प्रमुख लोगों ने कार्यक्रम का व्यवस्थापन किया शोभा यात्रा में आकर्षक झांकी एवं हजारों की संख्या में जनसमूह बाद सभी समाजों ने स्वागत किया और सभी समाजों के प्रमुख लोगों उपस्थित रहे सभी का आभार डॉ दीपक मिश्रा ने सर्व हिंदू समाज का आभार किया।

## धर्मांतरण एवं दुष्प्रेरण के प्रकरण में 10,000 हजार रुपए के 2 इनामी आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



विशेष जॉच दल द्वारा नाबालिग बालिकाओं के विरुद्ध धर्म परिवर्तन, बहला-फुसलाने, दुष्कर्म, जबरन निकाह कराए जाने के प्रकरण में 10,000 हजार रूपये के इनामी 02 आरोपी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

उल्लेखनीय है कि 16 अप्रेल को थाना पिपरई अंतर्गत नाबालिक बालिकाओं के धर्म परिवर्तन एवं दुष्प्रेरण की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना पिपरई में अपराध क्रमांक 103/2026 धारा 137(2), 64(2)(एम), 65(1) बीएनएस, 3/4, 5 एल/6, पोस्को एक्ट, धारा 3/5 म.प्र. धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम, धारा 3(2)(व्ही) एससी-एसटी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीवद्ध कर विवेचना मे लिया गया। मामले की गंभीरता एवं संवेदनशीलता को दृष्टिगत रखते हुए विवेक शर्मा, एसडीओपी अशोकनगर के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन कर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु 10,000 रूपये का इनाम घोषित किया गया था। उक्त प्रकरण में एक विधि विवादित बालक एवं जस्सी किन्नर को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रकरण के आरोपी को गिरफ्तारी हेतु अलग-अलग टीमों भोपाल एवं आसपास के क्षेत्र के संभावित स्थानों पर लगातार सक्रीय थी, जिसके परिणाम स्वरूप प्रकरण के आरोपी अल्तमश कुरैशी पुत्र रफीक कुरैशी उम्र 19 साल निवासी मोतीबाग भोपाल एवं आरोपी आहद उर्फ आहत शेख पुत्र हबीबउल्ला उम्र 19 साल निवासी अर्जुन नगर झुग्गी भोपाल को ऐशबाग भोपाल से गिरफ्तार किया गया है।

#### धर्मांतरण के गंभीर मामले में भोपाल के किन्नर एसपी से मिले

यह धर्मान्तरण का मामला कोई बड़ी बात नहीं है कि गंभीर रूप न धारण कर ले, इस संबंध में भोपाल के किन्नरों ने अशोकनगर में एसपी से मुलाकात की और कहा कि जिस जस्सी किन्नर को गिरफ्तार किया गया है, वह एक छोटी मछली है, इस प्रकरण में बड़े मगरमच्छ भी शामिल हैं उन पर भी कार्यवाही होना चाहिए। भोपाल से आई किन्नर काजोल ठाकुर ने अशोकनगर पुलिस की इस कार्यवाही की प्रशंसा की है।

## नगरपालिका पीआईसी की बैठक में विकास कार्यों को मिली हरी झंडी

### सड़कों और स्वच्छता पर रहेगा जोर



**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद अशोकनगर की प्रेसीडेंट- इन- काउंसिल की महत्वपूर्ण बैठक नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में शहर के विकास और जनसुविधाओं से जुड़े कई अहम प्रस्तावों पर चर्चा की गई और सर्वसम्मति से उन पर मुहर लगाई गई।

बैठक में परिषद के वरिष्ठ सदस्य और अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से शामिल थे। पार्षदगणों में महेंद्र भारद्वाज, प्रमेन्द्र तायडे जॉर्ज, डॉ जयमंडल यादव, गीता आर्य, आयुषी सतपाल लोधी, निक्की मोनू रघुवंशी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उनीतान सहित नगर पालिका के अन्य विभागीय अधिकारी शामिल थे।

#### बैठक में मुख्य निर्णय और स्वीकृतियां

-बैठक के दौरान शहर की अधोसंरचना और स्वच्छता को लेकर निम्नलिखित बड़े फैसले लिए गए।

-क्षतिग्रस्त सड़कों का कायाकल्प वर्षाकाल के दौरान शहर की जो डामर सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई थीं, उन पर पुनः डामर कार्य (पेच वर्क एवं निर्माण) कराने की स्वीकृति दी गई है। इससे शहरवासियों को आवागमन में सुगमता होगी।

-स्वच्छ भारत मिशन 2.0 मिशन के अंतर्गत आरोन रोड सब्जी मंडी के पास नए सार्वजनिक शौचालय के निर्माण को मंजूरी दी गई है।

-स्ट्रीट लाइट व्यवस्था शहर की सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए लाइटों की मरम्मत और आवश्यक सामग्री के क्रय (खरीद) हेतु बजट को स्वीकृति प्रदान की गई।

-स्मार्ट सिटी योजना स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के तहत होने वाले विभिन्न कार्यों और उनकी (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार करने के संबंध में भी महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

#### सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे

हमारा मुख्य उद्देश्य नगर का सर्वांगीण विकास और नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना है। स्वीकृत किए गए सभी कार्यों को समय सीमा में और गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाएगा।

**नीरज मनोरिया** नपा अध्यक्ष अशोकनगर।



#### सर्व ब्राह्मण महिला शक्ति संगठन ने चल समारोह का स्वागत किया

**अशोकनगर।** सर्व ब्राह्मण शक्ति संगठन द्वारा परशुराम जयंती पर जुलूस का स्वागत आइसक्रीम व पानी देकर किया गया। संगठन की अध्यक्ष अंजना दुबे ने बताया कि संगठन द्वारा अक्षय तृतीया के अवसर पर निर्धनों को मटके दान भी किए गए। मटका दान महादान इस उद्देश्य के साथ संगठन द्वारा यह सेवा कार्य किया गया। अध्यक्ष अंजना दुबे, सचिव वंदना पाराशर, कोष अध्यक्ष रीना बुधौलिया, उपाध्यक्ष रानी राजोरिया,रुचि शर्मा मार्गदर्शिका राखी तिवारी डॉक्टर रजनी शुक्ला, उमा बहन, मधु दुबे, लता दुबे, राम कुमारी शर्मा, अर्चना उपाध्याय सीमा शर्मा, शर्मिष्ठा पाराशर, कमलेश दुबे, कविता शर्मा,ममता शर्मा,रानी पाठक ,संगीता शर्मा, भावना शर्मा, शर्मिष्ठा पाराशर आदि रहे मौजूद।

## फर्जी बैंक खाते खुलवाकर ठगी करने वाले 4 आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

### खाते किसी और के नाम से संचालन कोई और करता था



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



सिट कोतवाली पुलिस ने धोखाधडी करने वाले एक ऐसे 4 आरोपियों को पकड़ा है जो फर्जी बैंक खाते खुलवाने का काम करते थे। जिसके बदले में वह उन्हें कुछ पैसे देते थे और बैंक खाते खोलने के बाद इन खातों को महानगरों के लोगों द्वारा संचालित किया जाता था, पुलिस ने ऐसे आरोपियों के पास से मोबाइल भी जप्त किए हैं।

सिटी कोतवाली के टीआई रवि प्रताप सिंह चैहान ने बताया कि 7 अप्रेल को आवेदक रौनक पुत्र कन्हैयालाल यादव, उम्र 20 वर्ष, निवासी तार वाले बालाजी मंदिर के पास अशोकनगर द्वारा थाना कोतवाली में एक लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदन में बताया गया कि करन अहिरवार अपने साथियों के साथ मिलकर लोगों के आधार एवं पैन कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों का दुरुपयोग कर फर्जी बैंक खाते खोलते हैं तथा उन्हें अन्य व्यक्तियों को बेचकर अवैध लाभ अर्जित करते हैं। आवेदन की जांच पर आरोपियों द्वारा आवेदक सहित अन्य व्यक्तियों के दस्तावेज लेकर बिना वैधानिक प्रक्रिया के बैंक खाते खोलना तथा उन खातों का दुरुपयोग करना पाया गया। साथ ही खाताधारकों को पूर्ण भुगतान न कर धोखाधड़ी करना भी सामने आया। फरियादी की रिपोर्ट पर से थाना कोतवाली अशोकनगर में अपराध क्रमांक 247/2026 धारा 318(4), 316(5) भारतीय न्याय संहिता एवं 66(सी) आईटी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करते हुए पुलिस टीम द्वारा आरोपी करन अहिरवार, निवासी भौराकाछी, सुयाश सिंघई, निवासी दुबे कॉलोनी, अशोकनगर, जितेन्द्र पुरी, निवासी विंध्याचल कॉलोनी, गुना एवं प्रवल प्रताप सिंह तोमर, निवासी गुना को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन जप्त किए गए हैं, जिनमें बैंक खातों से संबंधित दस्तावेजों के दुरुपयोग के महत्वपूर्ण साक्ष्य प्राप्त हुए हैं। प्रारंभिक जांच में बड़े पैमाने पर वित्तीय लेन-देन (लाखों से करोड़ों रुपये तक) होने की संभावना पाई गई है।

## मुगावली में कटारिया समाज की बैठक आयोजित की गई



**मुंगावली।** कटारिया रावत राजपूत ठाकुर समाज की बैठक गुरुवार को मुंगावली में सामुदायिक भवन रामनगर पर हुई। मुंगावली रामनगर मे कटारिया समाज का 4500 वर्ग फुट मे भवन निर्माण का कार्य 90 प्रतिशत पूरा हो गया है इस भवन निर्माण में अभी तक 22 लख रुपए लग चुके हैं। इसी भवन पर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन कटारिया रावत राजपूत ठाकुर के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं युवा मोर्चा के अध्यक्ष उपाध्यक्ष के लिए बैठक रखी गई।

जिसमें विधि वत समाज के 30 गांव में पंपलेट बाटे गए प्रत्येक गांव में जाकर सूचना दी गई बैठक निर्धारित समय पर हुई बैठक में समाज के 30 गांव से कटारिया रावत ठाकुर राजपूत समाज के 200 समाज जन उपस्थित हुए। बैठक का एजेंडा समाज के लिए नया अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं युवामोर्चा के अध्यक्ष उपाध्यक्ष लिए रखी गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वायलोज हिसाब से जब तक प्रदेश बॉडी का चयन नहीं होता तव तक के लिए पुनः तखत सिंह राजपूत मुंगावली वालों का कार्यकाल 3 साल के लिए और आगे बढ़ाया जाए। उनके साथ उपाध्यक्ष के पद पर ध्यान सिंह कटारिया तारंई सरपंच को पद पर नियुक्त किया जाता है। साथ ही युवा मोर्चा के अध्यक्ष के लिए इंद्रपाल सिंह कटारिया गीलरोपा उपाध्यक्ष पद के लिए भैयाराम तारंई को सर्वसम्मति से सभी समाज भाइयों ने जवाबदारी दी गई।

प्रदेश उपाध्यक्ष गौतम सिंह कटारिया ने कहा जैसे ही प्रदेश में प्रदेश अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का गठन होगा उसके तुरंत बाद जिला अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी का गठन जिले में हो जाएगा। एक सामाजिक व्यवस्था के तहत जब तक प्रदेश बॉडी का गठन नहीं होता तब तक के लिए पुनः तखत सिंह राजपूत को जिला अध्यक्ष की जवाबदारी सोपी जाती है सभी गांव से पधारे हुए अतिथियों ने तखत सिंह राजपूत ध्यान सिंह कटारिया इंद्रपाल सिंह कटारिया भैयाराम कटारिया माला पहनाकर स्वागत किया और सभी ने इस निर्णय की सराहना की। तखत सिंह राजपूत ने सभी का हाथ जोड़कर स्वागत किया एवं कहा कि हमारी पहली प्राथमिकता समाज में मृत्यु भोज बंद करना है साथ ही समाज में कुछ गांव ऐसे भी हैं जहां शादी विवाह नहीं हो रहे हैं।

## आनंद ग्राम रांवसर में गीता स्वाध्याय के 101वें सप्ताह पर श्रीकृष्ण के भजनों से ग्रामवासी हुए आनंदित



**अशोकनगर।** जिले के समीपवर्ती ग्राम रांवसर जिसे आनंद विभाग ने विगत पांच पूर्व आनंद ग्राम के रूप में चयन किया है जहां विगत दो वर्ष से साप्ताहिक श्रीमद् भगवद्गीता का प्रति रविवार को सामूहिक स्वाध्याय किया जाता है। गत रविवार को श्री युगल सरकार श्रीमद् भगवद्गीता स्वाध्याय सेवा समिति अशोकनगर मंडल रांवसर द्वारा 101वे रविवार को गीता स्वाध्याय को विशेष रूप से आयोजित किया गया।

इस कार्यक्रम में समिति द्वारा अशोकनगर जिले के 24 ग्रामों में साप्ताहिक स्वाध्याय चलाने वाले गीता प्रेमियों को आमंत्रित किया गया था तथा गीता स्वाध्याय शुरू होने के समय से अभी तक जो भी ग्रामवासी आयोजक बने थे उन्हें सम्मानित किया गया। गीता स्वाध्याय अंतर्गत 15वे अध्याय पुरुषोत्तम योग का स्वाध्याय किया गया। जिसमें रामबली यादव ने व्याख्या करते हुए कहा कि यह आवश्यक नहीं है कि हमें अपने जीवन के बाद पुनः मनुष्य शरीर प्राप्त हो क्योंकि हमारे कर्मों के अनुसार हमारी अगली योनि का निर्धारण होता है। भौतिक साधनों में खुशी तलाशने की जगह समाज में आपसी सामंजस्य और सकारात्मक विचारों को बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। आनंद के लिए समर्पण, सहयोग, प्रेम, सह अस्तित्व, एक दूसरे की मदद करना, एक दूसरे की भावनाओं को समझना और कृतज्ञता व्यक्त करना आदि गुणों का विकास गीता स्वाध्याय के माध्यम से ग्रामवासियों में हो रहा है।

## जैन मिलन द्वारा अक्षय ततृीया पर गन्ने के रस का वितरण सुभाषगंज में किया गया



**अशोकनगर।** जैन मिलन अशोकनगर द्वारा रविवार को श्री 1008 भगवान आदिनाथ के प्रथम पारणा दिवस पर अक्षय तृतीया के पर्व पर इक्षू रस, गन्ने का रस का वितरण सुभाषगंज दिगंबर जैन आदिनाथ मंदिर पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें जैन मिलन के सभी वीर सदस्यों ने अपनी अहम भूमिका निभाई। कार्यक्रम सुबह 6:00 से अभिषेक शांति धारा उपरांत पूजन एवं रस वितरण में मुख्य भूमिका कार्यक्रम के, पुण्याजक सुनील अखाई एवं अजीत जैन बरोदिया एवं दिगंबर जैन पंचायत की यशस्वी अध्यक्ष राकेश कांशल ,राष्ट्रीय मंत्री वीर नरेशचंद जैन क्षेत्रीय मंत्री निर्मल मिर्ची, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष नीलम जैन नीलू मामा संजीव टी कंपनी पूर्व अध्यक्ष मनोज जैन भोला आदि रहे मौजूद।

### मुख्यमंत्री ने की पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा की शुरुआत

# भोपाल-चंदेरी-ओरछा हेलीकॉप्टर यात्रा का शुभारंभ किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को राजधानी भोपाल के स्टेट हैंगर से पीएम श्री हेली पर्यटन सेवा के अंतर्गत नए सेक्टर भोपाल-चंदेरी-ओरछा हेतु हेलीकॉप्टर को हरी झण्डी दिखाकर शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि हेली पर्यटन सेवा सर्वप्रथम ओंकारेश्वर-महाकालेश्वर-इंदौर सेक्टर में और कान्हा- बांधवगढ़-मैहर की माताजी-अमरकंटक-चित्रकूट में आरंभ हो चुकी है। आज हेली सेवा का तीसरा सेक्टर आरंभ हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा के अंतर्गत चंदेरी से ओरछा का किराया 2,750 रुपए ,भोपाल से चंदेरी का 5,500 रुपये और भोपाल से ओरछा का किराया 6,500 रुपये रखा गया है। भोपाल से ओरछा का पैकेज 14 हजार 500 का है, जिसमें 13 हजार रुपये हेलीकॉप्टर का किराया, टैक्सी का शुल्क 1150 रुपए और दर्शन एवं प्रसाद के लिए 350 रुपए का भुगतान करना होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि इस यात्रा के संचालन में मैचिंग ग्रांट के अंतर्गत बड़ी राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। प्रदेश में पर्यटन गतिविधियों को प्रोत्साहित करने, पर्यटकों की रुचि मध्यप्रदेश में बढ़ाने के उद्देश्य से मैचिंग ग्रांट के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा राशि दी जा रही है। पीएमश्री हेली पर्यटन सेवा के शुभारंभ अवसर पर अशोकनगर जिले की पर्यटन नगरीय तहसील चंदेरी स्थित किला कोठी हेलीपेड पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, मुंगावली विधायक बृजेन्द्र सिंह यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह यादव,कलेक्टर साकेत मालवीय,भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी,नगरपालिका अध्यक्ष संतोष कोली सहित जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का वर्चुअल लाईव प्रसारण किया गया। शुभारंभ अवसर पर हेलीकॉप्टर भोपाल-ओरछा-चंदेरी पहुंचा।चंदेरी पहुंचने पर अतिथियों द्वारा यात्रा कर रहे पर्यटकों का स्वागत किया गया। साथ ही अतिथियों द्वारा हेलीकॉप्टर से पर्यटन चंदेरी नगर का भ्रमण भी किया गया।

#### दोपहर 3 बजे ओरछा के पर्यटकों को लेकर हेलीकॉप्टर चंदेरी पहुंचा

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने और धार्मिक यात्राओं को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं आनंददायक बनाने के लिए रविवार को पीएमश्री हेली पर्यटन की शुरुआत की गई। दोपहर तीन बजे ओरछा से पर्यटकों को लेकर हेलीकॉप्टर चंदेरी पहुंचा और कीर्ति दुर्ग किला कोठी पर बने हेलीपैड पर लेंड हुआ जहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने पर्यटकों का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। माध्यम से पर्यटक चंदेरी जैसे प्रसिद्ध हेरिटेज पर्यटन स्थल की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत का भी सहज एवं सुविधाजनक अनुभव ले पाएंगे।